**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2147**
**उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025**

**5जी रोलआउट**

**2147. श्री हमदुल्ला सईद:**

क्या संचार **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा संपूर्ण देश में और संघ राज्यक्षेत्रों में और विशेष रूप से लक्षद्वीप में 5जी की शुरूआत सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए प्रस्तावों और कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार क्या प्रगति हुई है, साथ ही आवंटित और व्यय की गई निधि कितनी है; और

(ग) सुदूर क्षेत्रों में 5जी की तैनाती में कौन सी चुनौतियां पाई गई हैं और इन चुनौतियों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ग) सरकार ने देश में 5जी सेवाओं के रोलआउट के लिए विभिन्न पहलें की हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

I. 5जी मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी।
II. समायोजित सकल राजस्व (एजीआर), बैंक गारंटी (बीजी) और ब्याज दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए वित्तीय सुधार।

III. वर्ष 2022 और उसके बाद की नीलामी में प्राप्त किए गए स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज को हटाना।

IV. एसएसीएफए (रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटन हेतु स्थायी सलाहकार समिति) की मंजूरी के लिए प्रक्रिया को सरलीकृत करना।

V. आरओडब्ल्यू अनुमतियों और दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना हेतु क्लीयरेंस को सुव्यवस्थित करने के लिए पीएम गति शक्ति संचार पोर्टल का शुभारंभ और आरओडब्ल्यू (मार्गाधिकार) नियम लागू करना।

VI. स्मॉल सैल और दूरसंचार लाइन की स्थापना हेतु स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग के लिए समयबद्ध अनुमति देना।

देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5जी सेवाओं को रोलआउट किया गया है और वर्तमान में लक्षद्वीप सहित देश के 776 जिलों में से 773 जिलों में ये सेवाएं उपलब्ध हैं। दिनांक 28.02.2025 की स्थिति के अनुसार देश भर में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा 4.69 लाख 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशनों (बीटीएस) की स्थापना की गई है।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने देशभर में 5जी सेवाओं का विस्तार किया है और स्पेक्ट्रम की नीलामी हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) में यथानिर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से भी आगे जाकर 5जी सेवाओं का विस्तार किया है। इन दायित्वों से अधिक मोबाइल सेवाओं का विस्तार करना टीएसपी के तकनीकी-वाणिज्यिक पहलु पर निर्भर करता है।

****